

# सजना ने संभाला मोर्चा, मुंबई ने दिया 155 का टारगेट

## WPL 2026 का ओपनिंग मुकाबला

**महिला प्रीमियर लीग 2026 का आगाज नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में रोमांचक अंदाज में हुआ, जहां गत विजेता मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 155 रन बनाए.**

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत कुछ खास नहीं रही, लेकिन मिडिल ऑर्डर में सजीवन सजना की आक्रामक और जिम्मेदार पारी ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया.

पावरप्ले में मुंबई के टॉप ऑर्डर को आरसीबी की तेज गेंदबाजों ने लगातार दबाव में रखा. शुरुआती ओवरों में ही विकेट गिरने से मुंबई की रन गति धीमी हो गई. हालांकि, कप्तान ने संयम बरतते हुए साझेदारी बनाने की कोशिश की, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे. स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को लगने लगा था कि मुंबई 140 के



## मुंबई इंडियंस ने आरसीबी के सामने चुनौतीपूर्ण स्कोर किया खड़ा

आसपास ही सिमट जाएगी. ऐसे वक्त में सजीवन सजना ने मोर्चा संभाला. उन्होंने शुरुआत में गेंद को समझा, फील्ड सेटिंग का आकलन किया और फिर अपने ट्रेडमार्क शॉट्स खेलने शुरू किए. सजना ने सिर्फ ताकत पर नहीं, बल्कि टाइमिंग और प्लेसमेंट पर भरोसा किया. कवर ड्राइव, स्क्वायर कट और लॉन्ग ऑन के ऊपर से लगाए गए शॉट्स ने मैच का रुख बदल दिया. सजना ने 45 रनों की पारी में कई अहम बाउंड्री लगाईं और स्ट्राइक रोटेट करते हुए स्कोरबोर्ड को लगातार आगे बढ़ाया. उनकी पारी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने नॉन-स्ट्राइकर एंड पर बल्लेबाजों को आत्मविश्वास दिया और रन रेट को गिरने नहीं दिया. आखिरी ओवरों में मुंबई ने तेजी से रन बटोरते हुए 150 का आंकड़ा पार किया, जो इस पिच पर एक चुनौतीपूर्ण स्कोर माना जा रहा है.

> आरसीबी की ओर से गेंदबाजों ने शुरुआती और मध्य ओवरों में शानदार अनुशासन दिखाया। खासकर स्पिनरों ने रन गति को काबू में रखा और बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। हालांकि, डेथ ओवर्स में कुछ ढीली गेंदों का खामियाजा टीम को उठाना पड़ा, जिससे मुंबई 155 तक पहुंचने में सफल रही। अब मुकाबला पूरी तरह आरसीबी की बल्लेबाजी पर टिक गया है।



## वावरिंका को ऑस्ट्रेलियन ओपन वाइल्ड कार्ड मिला

**मेलबर्न.** ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने स्टैन वावरिंका को सीजन के पहले बड़े टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया है. सिडनी से वावरिंका ने कहा, 'यह बहुत बढ़िया है। मैं टूर पर अपने आखिरी साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड पाकर बहुत आभारी हूं,'.

## 58वीं सीनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप

# खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी 76 टीमें

**नयी दिल्ली, 09 जनवरी 26 राज्यों, 6 केंद्र शासित प्रदेशों, 4 संस्थानों और 3 एसोसिएट सदस्य संघों की 38 पुरुष एवं इतनी ही महिला टीमें 58वीं सीनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप (2026) के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।**

यह चैंपियनशिप 11 से 15 जनवरी तक तेलंगाना के काज़ीपेट में आयोजित की जाएगी। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को भेजने तथा खेल भावना और आपसी गौरव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, इस वर्ष



केंद्रीय अर्धसैनिक बल संयुक्त रूप से सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज टीम के रूप में हिस्सा लेंगे। इसमें आईटीबीपी और एसएसबी के खिलाड़ी (पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में) एक ही बैनर तले खेलेंगे. वहीं, राज्य पुलिस बल ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के अंतर्गत एक संयुक्त टीम (पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में एक-एक टीम) के रूप में मैदान में उतरेंगे। इस टीम में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और पंजाब की राज्य पुलिस से चयनित

# अल-नस्र की लगातार दूसरी हार

## ज्यादा पजेशन होने के बावजूद अल-नस्र की फिनिशिंग कमजोर

### 81 वें मिनट में रोनाल्डो का गोल भी हार नहीं टाल सका

**रियाद, 09 जनवरी रियाद के अल-अव्वाल पार्क में खेले गए इस मुकाबले में सऊदी प्रो लीग 2025-26 की सबसे बड़ी सनसनी देखने को मिली. खिताब की दौड़ में आगे बढ़ने उतरी अल-नस्र की स्टार-स्टडेड टीम को अल-कादसिया ने 2-1 से हराकर चौंका दिया।**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो, ब्रोज़ोविच, फेलिक्स और कोमान जैसे बड़े नामों से सजी अल-नस्र की टीम ने मैच में ज़्यादा गेंद अपने पास रखी, ज़्यादा शॉट लगाए, लेकिन नतीजा उनके पक्ष में नहीं गया। पहला हाफ: दबदबा अल-नस्र का, गोल किसी का नहीं मैच की शुरुआत से ही अल-नस्र ने आक्रामक रुख अपनाया। मिडफील्ड में ब्रोज़ोविच गेंद को नियंत्रित कर रहे थे और फेलिक्स व एंजेलो बार-बार बॉक्स के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। 37वें मिनट के आसपास अल-कादसिया की टीम दबाव झेलती हुई दिखी, लेकिन कप्तान नाचो की अगुआई में उनकी डिफेंस लाइन मजबूत बनी रही। 43वें मिनट में अल-नस्र को पहला बड़ा मौका मिला। एंजेलो ने बाईं ओर से शानदार क्रॉस डाला और कोमान बिल्कुल खाली मिले, लेकिन उनका हाफ-वॉली शॉट गोलपोस्ट से बाहर चला गया। यह चूक बाद में अल-नस्र



पर भारी पड़ने वाली थी। पहला हाफ गोलरहित समाप्त हुआ, हालांकि खेल का नियंत्रण अल-नस्र के पास ही रहा।

51वां मिनट: एक गलती, एक गोल दूसरे हाफ की शुरुआत के कुछ ही मिनटों बाद मैच की दिशा बदल गई। अल-नस्र के गोलकीपर नवाफ गेंद क्लियर करने के लिए काफी आगे निकल आए। अल-कादसिया के स्ट्राइकर जॉन क्विनोनेस ने दबाव बनाया। नवाफ की खराब क्लीयरेंस क्विनोनेस से टकराकर सीधे खाली गोल की ओर चली गई। क्विनोनेस ने कोई गलती नहीं की और गेंद को नेट में डाल दिया. अल-कादसिया 1-0 से आगे। यह गोल अल-नस्र के लिए बड़ा झटका था। स्टेडियम में सन्नाटा छा गया और घरेलू टीम को अब दोबारा वापसी की चुनौती मिल गई।

> 66वें मिनट में क्विनोनेस ने दाहिने फ्लैंक से शानदार मूव बनाया और माटेओ रेटेगी को पास दिया। स्कोर 2-0। अब अल-नस्र पर दबाव और बढ़ गया। कोच ने तुरंत बदलाव किए और ज़्यादा अटैकिंग खिलाड़ियों को मैदान में उतारा। 72वें मिनट के बाद मुकाबला और रोमांचक हो गया। अल-नस्र के एक डिफ्लेक्टेड शॉट को अल-कादसिया के कप्तान नाचो ने गोललाइन से बाहर किया। हैंडबॉल को लेकर ड्क्र जांच हुई और आखिरकार 80वें मिनट में अल-नस्र को पेनल्टी मिली। 81वें मिनट पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने मशहूर अंदाज़ में रन-अप लिया और गेंद को निचले बाएं कोने में डाल दिया।

# डब्ल्यूपीएल से खिलाड़ियों में आया विनिंग माइंडसेट

### डब्ल्यूपीएल हमें लक्ष्य के और करीब ले जा रहा है

**मुंबई,09 जनवरी भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि भारत सिर्फ़ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान और भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य टी20 विश्व कप 2026 है और डब्ल्यूपीएल उस लक्ष्य तक पहुंचने का एक अहम रास्ता है।**

दोनों ने डब्ल्यूपीएल 2026 के उद्घाटन मैच से पहले बताया कि आने वाला यह सीजन किस तरह वनडे चैंपियन को टी20 विश्व कप चैंपियन बनने में मदद कर सकता है। मंधाना ने कहा, 'अगर हम टी20 विश्व कप जीतते हैं, तो बहुत बढ़िया होगा। हमने वनडे विश्व कप जीता है, लेकिन टीम में अभी भी बहुत सी चीज़ें हैं,



जिन पर हमें काम करना है। हम सच में ऐसा समय चाहते हैं, जब हम कह सकें कि 'हां हम दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम हैं।' मुझे लगता है कि हमें अभी भी बहुत सुधार करना है। मुझे पूरा भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल इस अंतर को आने वाले सालों में कम करेगा। जब भी हम भारत के लिए खेलते हैं, हम हमेशा बात करते हैं कि हम सिर्फ़ एक या दो टूर्नामेंट के लिए नहीं, बल्कि पूरे साल दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम बनना चाहते हैं। मैं सोचती हूं कि हर डब्ल्यूपीएल हमें उस लक्ष्य के और करीब ले जा रहा है।'

**हरमनप्रीत ने कहा...**

डब्ल्यूपीएल में लौटना हमेशा रोमांचक रहता है क्योंकि घरेलू खिलाड़ी, विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं और यह अनुभव महिला क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है। तो मुझे भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल उस मोमेंटम को आगे ले जाएगा, जो हमें विश्व कप ने दिया और उम्मीद है कि यह हमेशा ऐसे ही चलता रहे।



## महबूब करेंगे अंडर-19 विश्वकप में अफगानिस्तान की कप्तानी

**काबुल.** महबूब खान जिम्बाब्वे और नामीबिया में 15 जनवरी से शुरू होने वाले 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे। महबूब खान के पास यूथ एकदिवसीय स्तर पर अफगानिस्तान टीम का काफी अनुभव है, उन्होंने 2024 और 2025 एशिया कप टूर्नामेंट में अपने देश की कप्तानी की है .

# ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट स्टार्स बीबीएल में वापस लौटे



**सिडनी.** ऑस्ट्रेलिया की एशेज जीतने वाली टेस्ट टीम के कई खिलाड़ी शनिवार से बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी करेंगे। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एलेक्स कैरी (एडिलेड स्ट्राइकर्स), ब्रेंडन डॉगेट (मेलबर्न रेनेगेड्स), जोश इंगलिस (पर्थ स्कॉर्चर्स), उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन (ब्रिस्बेन हीट), टॉड मर्फी और स्टीव स्मिथ (सिडनी सिक्सर्स), साथ ही जेक वेदराल्ड और ब्यू वेबस्टर (होबार्ट हरिकेंस) शनिवार से अपनी-अपनी टीमों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। माइकल नेसर (ब्रिस्बेन हीट) और मिशेल स्टार्क (सिडनी सिक्सर्स) भी बाद में लीग में शामिल होंगे। नेसर के 14 जनवरी से और स्टार्क के 16 जनवरी से उपलब्ध होने की उम्मीद है।

इस बीच, स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड और कैमरन ग्रीन बीबीएल-15 में हिस्सा नहीं लेंगे। बोलैंड (मेलबर्न स्टार्स) और हेड (एडिलेड स्ट्राइकर्स) सभी पांच एशेज टेस्ट खेलने के बाद छोटे रिकवरी ब्लॉक से गुजरेंगे, जबकि ग्रीन अभी भी बिना अनुबंध के हैं क्योंकि वह बड़ी पीठ की सर्जरी से रिकवर हो रहे हैं। बोलैंड ने एशेज सीरीज में सबसे अधिक 159.5 ओवर फेंके, जबकि हेड ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि सभी टेस्ट खिलाड़ी रिकवरी और आने वाले अंतरराष्ट्रीय मैचों, जिसमें टी-20 विश्व कप भी शामिल है, की तैयारी के बीच संतुलन बनाने के लिए व्यक्तिगत प्रबंधन योजना का अनुसरण करेंगे, साथ ही जहां भी संभव होगा बीबीएल में हिस्सा लेने की भी अनुमति दी जाएगी।

# पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में

**कुआलालम्पुर, 09 जनवरी दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शुक्रवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।**

पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु को तीसरी सीड जापान की अकाने यामागुची के रिटायर होने से सेमीफाइनल में प्रवेश मिल गया। यामागुची पहला गेम 21-11 से हारने के बाद मैच से रिटायर हो गईं। सिंधु एक साल से ज़्यादा समय बाद अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जब सीज़न के पहले मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची पहले गेम के बाद चोट के कारण



रिटायर हो गईं।

सिंधु गुरुवार को यामागुची की हमवतन टोमोका मियाज़ाकी पर शानदार जीत के साथ क्वार्टर में पहुंची थीं, लेकिन यामागुची के खिलाफ मुकाबला इतना आसान होने की उम्मीद नहीं थी।

लेकिन यामागुची अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिख रही थीं, क्योंकि सिंधु ने पहले गेम के इंटरवल में 11-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बीच में, पूर्व खिलाड़ी शॉट लगाने की कोशिश में चोटिल हो गईं, और उनके टखने में मोच आ गई।

पहला गेम खत्म होने में थोड़ा समय लगा, सिंधु ने इसे सिर्फ 12 मिनट में 21-11 से जीत लिया। इसके खत्म होने के तुरंत बाद, यामागुची अंपायर के पास गईं और उन्हें मैच से रिटायर होने के अपने फैसले के बारे में बताया और सिंधु से हाथ मिलाया।

सिंधु आखिरी बार दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सेमीफाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्होंने हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराया था और फिर फाइनल में चीन की वूओ लुओ यू को आसानी से हराकर खिताब जीता था।

वह सिंधु की आखिरी जीत थी और वह मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी या छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी में से किसी एक का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 35/ व. ले.लि. / 2025-26 — भोपाल, दिनांक 07.01.2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि |
| 1 | 2026_PWDRB_473813_1 | उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत प्रशासन अकादमी से मनीषा मार्केट मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण (जल भराव भाग) कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 435.41 | 435410.00 |
| 2 | 2026_PWDRB_473815_1 | उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत जे.पी. हॉस्पिटल के आंतरिक मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 74.18 | 74180.00 |
| 3 | 2026_PWDRB_473816_1 | उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत रोड नं. 2 डिपो चौराहा से बी.जे.पी. कार्यालय मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण (जल भराव भाग) कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 266.08 | 266080.00 |
| 4 | 2026_PWDRB_473817_1 | उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत मेन रोड नं. 3 बांसखेडी से अरेरा पेट्रोल पंप मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण (जल भराव भाग) कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 165.95 | 165950.00 |
| 5 | 2026_PWDRB_473818_1 | उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत कोटरा सुल्तानाबाद 150 चौडा मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण (जल भराव भाग) कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 50.00 | 50000.00 |
| 6 | 2026_PWDRB_473819_1 | उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शाहपुरा बावडिया कला मार्ग रोड क्रं.-43 मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 160.19 | 160190.00 |
| 7 | 2026_PWDRB_473820_1 | उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत कोटरा सुल्तानाबाद मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 50.00 | 50000.00 |
| | | योगः- | | 1201.81 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 19.01.2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)

G24159/25


**कार्रवाई की मांग** — बीसीबी के वरिष्ठ अधिकारी एम. नजमुल इस्लाम के बयान पर क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन भड़का

# तमीम को कहा भारतीय एजेंट, बांग्लादेश क्रिकेट में तूफान



**ढाका, 09 जनवरी 2026 — बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) एक नए विवाद के केंद्र में आ गया है, जब उसके एक वरिष्ठ अधिकारी ने देश के सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक तमीम इकबाल को 'भारतीय एजेंट' कह दिया।**

इस टिप्पणी ने न केवल क्रिकेट जगत को झकझोर दिया, बल्कि बोर्ड की कार्यप्रणाली और उसके अधिकारियों की जिम्मेदारी पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीसीबी की फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष और बोर्ड डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम ने यह विवादित टिप्पणी अपने फेसबुक अकाउंट पर की थी। उन्होंने लिखा था, 'इस बार बांग्लादेश के लोगों ने अपनी आंखों से एक और पक्के भारतीय एजेंट का उदय देखा।' इस पोस्ट के स्क्रीनशॉट कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद नजमुल को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा।

विवाद की जड़ क्या है? यह पूरा विवाद उस समय शुरू हुआ जब तमीम इकबाल ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर फैसला करते समय बीसीबी को क्रिकेट को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। तमीम ने संकेत दिया था कि बोर्ड को खिलाड़ियों और देश के क्रिकेट हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए।यह बयान ऐसे समय आया था जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत की यात्रा न करने का फैसला किया था, जिसमें सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया। इसी पृष्ठभूमि में तमीम की टिप्पणी को कुछ अधिकारियों ने राजनीतिक नजरिए से देखा और नजमुल इस्लाम ने सोशल मीडिया पर यह आक्रामक प्रतिक्रिया दे दी।

क्रिकेट समुदाय में गुस्सा तमीम इकबाल के खिलाफ की गई इस टिप्पणी पर बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है।